कुल मुद्रित पृष्ठ संख्या / **Total No. of printed pages: 08**

# परमाणु ऊर्जा शिक्षण संस्था

## Atomic Energy Education Society

**वार्षिक परीक्षा / Annual Examination 2025 - 26**

**कक्षा / Class : 8 (आठवीं)** **अवधि / Duration : 3 घंटा**

**विषय / Subject :** हिंदी (द्वितीय भाषा) **अधिकतम अंक / Maximum Marks :80**

---

**सामान्य निर्देश/General Instructions :**

i) सभी प्रश्न करना अनिवार्य है।

ii) इस प्रश्न पत्र में चार खंड हैं: क, ख, ग और घ।

iii) सभी प्रश्नों के उत्तर यथासंभव क्रम से निर्देशानुसार लिखिए।

iv) सभी प्रश्नों के उत्तर देते समय दिए गए निर्देशों का पालन अनिवार्य रूप से कीजिए।

---

**(खण्ड-क, अपठित बोध)**

**प्रश्न 1. दिए गए गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर लिखिए। (1x7=7)**

जल ही जीवन है - यह केवल एक नारा नहीं, बल्कि एक सच्चाई है। पृथ्वी पर जीवन के लिए जल अनिवार्य है। मानव, पशु, पक्षी, पेड़-पौधे सभी को जल की आवश्यकता होती है। हमारे देश में अनेक नदियाँ जैसे गंगा, यमुना, गोदावरी, ब्रह्मपुत्र आदि प्रमुख जल स्रोत हैं। लेकिन आज के समय में जल संकट एक गंभीर समस्या बन चुका है। कई स्थानों पर भूजल स्तर घटता जा रहा है। वर्षा का जल संग्रह न करने के कारण पानी व्यर्थ बह जाता है। यदि हम जल संरक्षण के उपाय नहीं करेंगे, तो आने वाली पीढ़ियाँ जल के बिना संकट में होंगी। हमें वर्षा जल संचयन, टपक सिंचाई और घरेलू जल बचत की आदतें अपनानी चाहिए। जल का अपव्यय रोकना प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। जल संरक्षण एक राष्ट्रीय जिम्मेदारी है जिसे मिलकर निभाना होगा।

(i) निम्न में से कौन-सी नदी भारत में प्रमुख जल स्रोत है?

(क) गोदावरी (ख) सिंधु (ग) अमेज़न (घ) नील

(ii) जल संकट का प्रमुख कारण क्या है?

(क) बर्फबारी (ख) वर्षा की अधिकता (ग) जल का अपव्यय (घ) नदी का प्रवाह

(iii) वर्षा जल का संग्रह क्या कहलाता है?

(क) जल प्रवाह (ख) वर्षा संग्रह (ग) वर्षा जल संचयन (घ) जल तितर-बितर

(iv) जल संरक्षण किसका कर्तव्य है?

(क) केवल सरकार का (ख) केवल विद्यार्थियों का

(ग) केवल किसान का (घ) प्रत्येक नागरिक का

(v) जल के बिना जीवन कैसा होगा?

(क) बेहतर (ख) संकटग्रस्त (ग) स्वतंत्र (घ) साधारण

(vi) "जल ही जीवन है" इस कथन का क्या अर्थ है?

(क) जल के बिना जीवन संभव नहीं है। (ख) जल के बिना जीवन संभव है।
(ग) जल के बिना ही जीवन है। (घ) इनमें से कोई नहीं

(vii) जल संकट क्यों बढ़ता जा रहा है?

(क) जल संरक्षण न करना (ख) भूजल का अत्यधिक दोहन।

(ग) 'क' और 'ख' दोनों (घ) इनमें से कोई नहीं

**प्रश्न-2. दिए गए पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर लिखिए। (1x7=7)**

जब अँधियारा चारों ओर,

डर से काँपे मन का छोर।

तब भी जलता एक दीप,

दे जाता है आशा की झील।

थक कर जो कदम रुक जाएँ,

सपने जब टूट-से जाएँ।

तब यह दीप कहे मुस्कान से,

"हार न मानो, बढ़ो पहचान से।"

तूफानों में जो डटा रहे,

सच का पथ जो सदा गहे।

वही कहलाता वीर महान,

वही लिखे अपनी पहचान।

(i) कविता में 'दीप' किसका प्रतीक है?

(क) अंधकार (ख) आशा (ग) भय (घ) क्रोध

(ii) 'अँधियारा' किसका संकेत करता है?

(क) कठिन परिस्थितियाँ (ख) सफलता (ग) खुशी (घ) आराम

(iii) जब कदम थक जाते हैं, तब दीप क्या संदेश देता है?

(क) रुक जाने का (ख) डरने का

(ग) हार न मानने का (घ) लौट जाने का

(iv) कविता के अनुसार 'वीर महान' कौन कहलाता है?

(क) जो धनवान हो (ख) जो शक्तिशाली हो

(ग) जो तूफानों में डटा रहे (घ) जो अकेला हो

(v) 'सच का पथ' से क्या आशय है?

(क) आसान रास्ता (ख) गलत रास्ता (ग) नया रास्ता (घ) सच्चाई का मार्ग

(vi) कविता का मुख्य भाव क्या है?

(क) भय (ख) निराशा (ग) परिश्रम (घ) आशा और साहस

(vii) कविता हमें किस बात की प्रेरणा देती है?

(क) भाग्य पर निर्भर रहने की (ख) संघर्ष से भागने की

(ग) कठिनाइयों में डटे रहने की (घ) दूसरों पर निर्भर रहने की

**(खण्ड-ख, व्यावहारिक व्याकरण)**

**प्रश्न-3. निम्नलिखित विकल्पों में से सही विकल्प छाँटकर लिखिए । (1x20=20)**

(i) इस झोंपड़ी में से एक टोकरी भर मिट्टी लेकर उसी का चूल्हा बनाकर

रोटी पकाऊँगी ।

(क) वर्तमान काल (ख) सामान्य काल (ग) भूतकाल (घ) भविष्य काल

(ii) 'श्रीमान् ने आज्ञा दे दी।' का भविष्य काल में परिवर्तन क्या होगा ?

(क) श्रीमान् आज्ञा दे रहे हैं। (ख) श्रीमान् आज्ञा देंगे।

(ग) श्रीमान् आज्ञा दिए। (घ) श्रीमान् ने आज्ञा दी।

(iii) झोंपड़ी में बसी पुरानी यादें वृद्धा को रुला .........।

(क) गई (ख) है (ग) गईं (घ) हैं

(iv) "बाल की खाल निकालने वाले वकीलों की थैली गरम कर उन्होंने अदालत से झोंपड़ी पर अपना कब्जा कर लिया।"इस वाक्य में कितने मुहावरों का प्रयोग किया गया है?

(क) एक (ख) चार (ग) दो (घ) तीन

(v) 'बाल बराबर फर्क होना' मुहावरे का अर्थ है-

(क) सूक्ष्मतम अंतर होना (ख) बहुत ज्यादा अंतर

(ग) सूक्ष्मतम होना (घ) इनमें से कोई नहीं

(vi) 'आरोहण' का अर्थ है-

(क) नीचे से ऊपर की ओर जाना (ख) ऊपर से नीचे की ओर आना

(ग) पीछे की ओर जाना (घ) आगे की ओर आना

(vii) 'नभ' और 'गगन' शब्द एक-दूसरे के हैं-

(क) विलोम (ख) समानार्थी (ग) अनेकार्थी (घ) इनमें से सभी

(viii) 'तम' शब्द का क्या अर्थ है?

(क) अँधेरा (ख) प्रकाश (ग) उजाला (घ) दिन

(ix) 'रोको, मत जाने दो' में रोको के बाद अल्पविराम (,) का प्रयोग किया गया है, जिसका अर्थ है-

(क) बिना रोके जाने दिया जाए (ख) रुककर जाने दिया जाए

(ग) जाने से रोका जाए (घ) जाने दिया जाए

(x) 'सृष्टि' से जुड़ा शब्द है-

(क) समुद्र (ख) नदी (ग) ब्रह्मांड (घ) पर्वत

(xi) <u>दो</u> व्यक्ति कमरे में बैठे हैं। रेखांकित शब्द है -

(क) संज्ञा (ख) सर्वनाम (ग) विशेषण (घ) अव्यय

(xii) लाखों ब्रह्मांडों में अपना एक <u>ब्रह्मांड</u> है। रेखांकित शब्द है -

(क) सर्वनाम (ख) विशेष्य (ग) विशेषण (घ) क्रिया

(xiii) 'रात-दिन एक करना' मुहावरे का क्या अर्थ है?

(क) साँस लेने में कठिनाई होना (ख) बहुत डर जाना

(ग) बहुत परिश्रम करना (घ) परेशान होना

(xiv) "वह तो कहो, मैं भी ढूँढ़कर <u>ही</u> रहा ।"रेखांकित शब्द है -

(क) संज्ञा (ख) निपात (ग) क्रिया (घ) सर्वनाम

(xv) 'स्वाधीन' का विपरीत अर्थ देने वाला शब्द है -

(क) पराधीन (ख) स्वतंत्र (ग) आज़ाद (घ) स्वतंत्रता

(xvi) 'क्षुद्र' का विपरीतार्थक शब्द नहीं है -

(क) विशाल (ख) वृहत (ग) तुच्छ (घ) विराट

(xvii) जिन संज्ञा अथवा सर्वनाम शब्दों की विशेषता बताई जाती है उन्हें कहते हैं -

(क) क्रिया (ख) विशेष्य (ग) काल (घ) विशेषण

(xviii) भारत देश को विकसित बनाने के लिए <u>**उन्नत**</u> समाज और <u>**उज्ज्वल**</u> जीवन का आधार चाहिए। रेखांकित शब्द है -

(क) विशेषण (ख) विशेष्य (ग) अव्यय (घ) क्रिया

(xix) संज्ञा अथवा सर्वनाम की विशेषता बताने वाले शब्दों को क्या कहते हैं?

(क) क्रिया (ख) विशेष्य (ग) काल (घ) विशेषण

(xx) ‘मरण’ का विपरीतार्थक शब्द है -

(क) मरना (ख) जीवन (ग) जननी (घ) मृत्यु

**(खण्ड-ग, पाठ्यपुस्तक)**

**प्रश्न-4. निम्नलिखित पठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए । (1+2+2)**

एक दिन श्रीमान उस झोंपड़ी के आसपास टहल रहे थे और लोगों को काम बतला रहे थे कि वह विधवा हाथ में एक टोकरी लेकर वहाँ पहुँची। श्रीमान ने उसको देखते ही अपने नौकरों से कहा कि इसे यहाँ से हटा दो। पर वह गिड़गिड़ाकर बोली, "महाराज, अब तो यह झोंपड़ी तुम्हारी ही हो गई है। मैं उसे लेने नहीं आई हूँ। महाराज क्षमा करें तो एक विनती है।" ज़मींदार साहब के सिर हिलाने पर उसने कहा, "जब से यह झोंपड़ी छूटी है, तब से मेरी पोती ने खाना-पीना छोड़ दिया है। मैंने बहुत कुछ समझाया पर वह एक नहीं मानती। यही कहा करती है कि अपने घर चल। वहीं रोटी खाऊँगी। अब मैंने यह सोचा कि इस झोंपड़ी में से एक टोकरी-भर मिट्टी लेकर उसी का चूल्हा बनाकर रोटी पकाऊँगी। इससे भरोसा है कि वह रोटी खाने लगेगी। महाराज कृपा करके आज्ञा दीजिए

तो इस टोकरी में मिट्टी ले आऊँ!" श्रीमान ने आज्ञा दे दी।

(i) प्रस्तुत गद्यांश के लेखक का नाम लिखिए ।

(ii) विधवा ने ज़मींदार से क्या विनती की?

(iii) गद्यांश के आधार पर बताइए कि विधवा कहाँ और क्यों गई थी ?

**प्रश्न-5. निम्नलिखित पठित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए । (1+2+2)**

हर ब्रह्मांड में

कितनी ही पृथ्वियाँ

कितनी ही भूमियाँ कितनी ही सृष्टियाँ

यह है अनुपात

आदमी का विराट से

इस पर भी आदमी

ईर्ष्या, अहं, स्वार्थ, घृणा, अविश्वास लीन

संख्यातीत शंख सी दीवारें उठाता है

अपने को दूजे का स्वामी बताता है

देशों की कौन कहे

एक कमरे में

दो दुनिया रचाता है

(i) प्रस्तुत पद्यांश किस पाठ से लिया गया है?

(ii) कविता के अनुसार आदमी किन भावों में लीन है?

(iii) एक कमरे में दो दुनिया रचाता है' का आशय क्या है?

**प्रश्न-6. निम्नलिखित में से किन्ही तीन प्रश्नों के उत्तर 15-20 शब्दों में दीजिए। (3x2=6)**

(i) ज़मींदार ने विधवा की झोंपड़ी पर कब्जा कैसे किया?

(ii) "इन सपनों के पंख न काटो" पंक्ति में सपनों के 'पंख' होने की कल्पना क्यों की गई है ?

(iii) पड़ोसी को विश्वनाथ से किस तरह की शिकायत है?

(iv) 'मत बाँधो' कविता के अनुसार मानव किन कारणों से स्वयं को सीमाओं में बाँधता चला जाता है ?

(v) नेताजी सुभाषचंद्र बोस ने किस प्रकार के राष्ट्र निर्माण का स्वप्न देखा था ?

**प्रश्न-7. निम्नलिखित में से किन्ही चार प्रश्नों के उत्तर 25-35 शब्दों में दीजिए। (4x3=12)**

(i) आपके विचार से 'एक टोकरी भर मिट्टी' कहानी का सबसे प्रभावशाली पात्र कौन है और क्यों?

(ii) कविता में सपनों की गति न बाँधने की बात क्यों कही गई है?

(iii) 'दीवारें उठाना' केवल ईंट-पत्थर से जुड़ा काम है या कुछ और भी हो सकता है ?

(iv) "ईश्वर करें इन दिनों कोई मेहमान न आए।" रेवती इस तरह की कामना क्यों कर रही है?

(v) "आलसी तथा अकर्मण्य के लिए कोई स्थान नहीं रहेगा।" सुभाषचंद्र बोस ने ऐसा

क्यों कहा होगा?

(vi) नेताजी सुभाषचंद्र बोस के लक्ष्यों या ध्येय को पूरा करने के लिए आज की युवा पीढ़ी क्या - क्या कर सकती है?

**प्रश्न-8. निम्नलिखित में से किन्ही दो प्रश्नों के उत्तर 40-50 शब्दों में दीजिए। (2x4=8)**

(i) 'एक टोकरी भर मिट्टी' कहानी के आधार पर लिखिए कि यदि आप जमींदार की जगह होते तो क्या करते ?

(ii) "सौरभ उड़ जाता है नभ में / फिर वह लौट कहाँ आता है?" यदि आपके पास अपने बीते हुए समय में लौटने का अवसर मिले तो आप बीते हुए समय में क्या-क्या परिवर्तन करना चाहेंगे?

(iii) मान लीजिए कि आप एक दिन के लिए पूरे ब्रह्मांड को नियंत्रित कर सकते हैं। अब आप मानव की कौन-कौन सी आदतों को बदलना चाहेंगे? क्यों ?

(iv) भीषण गर्मी और सिर में दर्द के बावजूद भी रेवती अपने भैया के लिए भोजन की व्यवस्था करने के लिए क्यों तैयार हो गई होगी ?

**(खण्ड-घ, रचनात्मक लेखन)**

**प्रश्न-9. दिए गए विषयों में से किसी एक विषय पर पत्र लिखिए- (1x5=5)**

(i) समय का महत्व बताते हुए अनुज को पत्र ।

(ii) स्वास्थ्य अधिकारी को शिकायती पत्र लिखिए ।

**प्रश्न-10. किसी एक विषय पर लगभग 80-100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए- (1x5=5)**

'मेरे सपनों का भारत' अथवा 'कंप्यूटर का महत्व'

-------***-----